Adda247

GET IT ON Google Play

SEAL

सीरीज :

# 2009
## कोड : CPU – 01

क्रमांक.................................

## प्रश्नपत्र

| भाग | विषय | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 01 से 40 | 50 |
| 2 | आंकिक और मानसिक सामर्थ्य परीक्षण | 41 से 80 | 50 |
| 3 | अभिरुचि परीक्षण | 81 से 120 | 50 |
| 4 | बुद्धि शक्ति परीक्षण | 121 से 160 | 50 |
| | | कुल प्रश्न 160<br>प्रत्येक प्रश्न – 1.25 अंक | पूर्णांक 200 |

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

अपना अनुक्रमांक बॉक्स में लिखें (अंकों में/शब्दों में)

प्रश्नों के उत्तर के लिये **केवल काले अथवा नीले बाल प्वाइन्ट पेन** का इस्तेमाल करें।
अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।
प्रश्नों के उत्तर केवल उत्तर पत्रक पर ही देने हैं।

**जब तक न कहा जाय इस प्रश्न पुस्तिका को न खोलें**

**महत्वपूर्ण अनुदेश**

1. उत्तर पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक व प्रश्न पुस्तिका सीरीज अंकित करें और उत्तर पत्रक पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और शून्य अंक दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरी गयी सूचना को मशीन द्वारा पढ़ा जायेगा। यदि सूचना अपूर्ण है अथवा आवेदन पत्र में दी गयी सूचना से भिन्न है तो ऐसे अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा।
2. इस प्रश्न पुस्तिका के प्रत्येक भाग में 40 प्रश्न एवं कुल 160 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। इनमें से एक उत्तर को चुन लें जिसे उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि ऐसा लगे कि एक से अधिक उत्तर सही हैं तो उस उत्तर को उत्तर पत्रक पर अंकित करें जो अभ्यर्थी को सबसे अधिक सही लगे। प्रत्येक प्रश्न के लिये केवल एक ही उत्तर चुनें तथा ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में प्रश्न के सामने दिये गये सम्बन्धित गोले को **काले अथवा नीले बाल प्वाइन्ट पेन** से ही सही तरह से भरें। पेन्सिल का प्रयोग वर्जित है। गलत तरीके से भरे गये गोले के लिए कोई अंक नहीं दिये जायेंगे। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जांचा नहीं जायेगा। व्हाइटनर, ब्लेड का प्रयोग वर्जित है। इसके प्रयोग से ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरी गयी सूचना को मशीन द्वारा नहीं पढ़ा जायेगा।
3. अभ्यर्थी ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक को खाली न छोड़ें। उत्तर पत्रक पर दिये गये स्थान पर अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या अभ्यर्थी द्वारा भरी जाये।
4. इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर उत्तर अंकित नहीं करने हैं। उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में दिये गये निर्देशों के अनुसार भरे जायें।
5. इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि उत्तर संख्या वही हो जो प्रश्न संख्या है। उदाहरण के लिए यदि प्रश्न संख्या-48 का उत्तर भरना है तो उत्तर संख्या-48 के ही 04 गोलों में से अधिकतम सही लगने वाला गोला **काले अथवा नीले बाल पेन** से भरा जाये। गलत उत्तर संख्या भरने से प्रश्न का उत्तर गलत हो सकता है।
6. प्रश्न पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें। यदि रफ कार्य करना चाहते हैं तो प्रश्न पुस्तिका के अन्त में दिये गये रफ शीट का प्रयोग करें।
7. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जांच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका में कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हों। यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
8. परीक्षा के उपरान्त अभ्यर्थी ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक कक्ष अन्तरीक्षक को लौटा दें। अन्तरीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक की दूसरी (अन्तिम) प्रति अभ्यर्थी को हस्तगत की जायेगी जिसे प्राप्त करने के पश्चात् ही कक्ष को छोड़ने की अनुमति दी जायेगी। प्रश्न पुस्तिका तथा उत्तर पत्रक की द्वितीय प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
9. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन न करने पर अभ्यर्थी पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है, या दण्ड दिया जा सकता है।
10. गलत उत्तर के लिये कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।
11. अभ्यर्थी को प्रत्येक भाग में पृथक-पृथक 33 प्रतिशत अर्हकारी अंक व कुल अंकों के योग का 35 प्रतिशत औसत अंक निम्न तालिका के अनुसार प्राप्त करना आवश्यक है :-

| भाग-1 | भाग-2 | भाग-3 | भाग-4 | भाग- 1 + 2 + 3 + 4 |
|---|---|---|---|---|
| 33 प्रतिशत | 33 प्रतिशत | 33 प्रतिशत | 33 प्रतिशत | 35 प्रतिशत |

12. अभ्यर्थी अपना नाम या किसी प्रकार का पहचान चिन्ह उत्तर पत्रक पर अंकित न करें। ऐसा पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
13. उत्तर पत्रक को मशीन द्वारा पढ़ा जायेगा। उत्तर पत्रक में किसी प्रकार का मोड़, किनारे का कटना, इंक के अनावश्यक निशान या फटना मशीन के लिए बाधक हो सकता है। अतः उत्तर पत्रक को साफ, सम्पूर्ण व केवल अपेक्षित स्थानों पर ही गोला भरें।

SEAL

SEAL

Adda247

GET IT ON Google Play

## भाग-1 ( सामान्य ज्ञान )

1. वायुमण्डल में ऑक्सीजन की मात्रा कितनी होती है?
   (A) 18% (B) 21% (C) 78% (D) 39%

2. आर्यभट्ट था एक प्रसिद्ध-
   (A) चिकित्सक (B) चित्रकार (C) खगोलवेत्ता (D) वैज्ञानिक

3. नीचे लिखे वाक्य के लिए सही मुहावरे का चयन कीजिए।
   आखिर एक दिन अत्याचार का भी अन्त होता है और अत्याचारी अपने दुष्कर्मों के लिए स्वयं-
   (A) सिर धुनता है। (B) कलेजे पर हाथ रखता है।
   (C) असमंजस में पड़ जाता है। (D) फूट फूट कर रोता है।

4. भारत का कौन सा प्रदेश रबर का सबसे अधिक उत्पादन करता है?
   (A) तमिलनाडु (B) आंध्र प्रदेश (C) केरल (D) महाराष्ट्र

5. निम्न में से कौन सी भाषा उत्तर प्रदेश की दूसरी राज्य भाषा है?
   (A) अंग्रेजी (B) भोजपुरी (C) उर्दू (D) हिन्दी

6. ब्रिटेन की मुद्रा का नाम है-
   (A) डॉलर (B) पौण्ड (C) दीनार (D) फ्रैंक

7. निम्न में से कौन सा राज्य उत्तर प्रदेश का सीमावर्ती राज्य है?
   (A) राजस्थान (B) पंजाब (C) पश्चिम बंगाल (D) आंध्र प्रदेश

8. रुपये की तुलना में किस विदेशी मुद्रा का मूल्य अधिकतम है?
   (A) येन (B) ऑस्ट्रेलियन डॉलर (C) यू०एस० डॉलर (D) ब्रिटिश पौंड

9. भारत में कितने वर्ष के अन्तराल के बाद जनगणना की जाती है?
   (A) पाँच वर्ष (B) सात वर्ष (C) दस वर्ष (D) आठ वर्ष

10. नीचे दिये गये काले अक्षर वाले शब्द का अनेकार्थ शब्द लिखिए।
    आजकल के घरों में एक **सुसज्जित कक्ष** अवश्य होता है।
    (A) कमरा (B) अन्त:पुर (C) खाना खान (D) बैठक



Adda247

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

80,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

20,000+ Previous Year Papers

500% Refund

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

11. भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए न्यूनतम आयु क्या है?
    (A) 21 वर्ष (B) 25 वर्ष (C) 30 वर्ष (D) 35 वर्ष

12. बहुचर्चित पुस्तक 'सैटेनिक वर्सेज' का लेखक है-
    (A) सलमान रूश्दी (B) सेमूर एम० हर्ष (C) जार्ज आर्वेल (D) जे०एम० बेरी

13. पानीपत का तृतीय युद्ध किन के बीच लड़ा गया-
    (A) मराठों और अंग्रेजों के मध्य (B) मुगलों और शेरशाह के मध्य
    (C) अंग्रेजों और फ्रांसीसियों के मध्य (D) अहमदशाह अब्दाली और मराठों के मध्य

14. रेफ्रीजरेटर में कौन सा गैस द्रव का प्रयोग किया जाता है?
    (A) अमोनिया (B) कार्बन डाइऑक्साइड
    (C) क्लोरीन (D) हाइड्रोजन

15. नागार्जुन सागर परियोजना किस नदी पर बनी है?
    (A) गंडक (B) कोसी (C) कृष्णा (D) महानदी

16. 16वें वार्षिक स्टार स्क्रीन पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान विद्या बालन को निम्न में से कौनसी फिल्म के लिए मिला है?
    (A) पा (B) इश्किया (C) भूल भुल्लैया (D) एकलव्य

17. विटामिन 'बी' की कमी से बीमारी होती है।
    (A) सूखा रोग (B) रतौंधी (C) बेरी बेरी (D) टीबी

18. कौन सा रक्त वर्ग हर रक्त वर्ग वाले मनुष्य को दिया जा सकता है?
    (A) B (B) O (C) A (D) AB

19. यदि पृथ्वी का अक्ष झुका हुआ नहीं होता तो सूर्य की किरणें केवल लम्बवत् पड़ती-
    (A) कर्क रेखा पर (B) मकर रेखा पर (C) ध्रुवों पर (D) भूमध्य रेखा पर

20. निम्नलिखित में से कौन सा ग्रह नहीं है?
    (A) शनि (B) सूर्य (C) बृहस्पति (D) बुध

Adda247

GET IT ON Google Play

21. श्वेताम्बर और दिगम्बर किस धर्म के हैं ?
(A) बौद्धमत (B) जैनमत (C) हिन्दुत्व (D) सिक्खमत

22. निम्नलिखित में से भारतीय नेपोलियन किसे माना जाता है ?
(A) चन्द्रगुप्त मौर्य (B) समुद्र गुप्त (C) अशोक (D) हर्षवर्धन

23. पचास रुपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं ?
(A) गवर्नर रिजर्व बैंक (B) प्रधान मंत्री (C) राष्ट्रपति (D) वित्तमंत्री

24. माइक्रो-सॉफ्ट किंग किसे कहा जाता है ?
(A) बिल गेट्स (B) पौल गैटी (C) डॉ॰ केनेथ ओल्सन (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

25. कौन सी गैस वायुमंडल के ओजोन स्तर को अपघटित करती है ?
(A) क्लोरोफ्लोरो कार्बन (B) कार्बन डाईऑक्साइड
(C) कार्बन मोनोऑक्साइड (D) मिथेन

26. गैस एजेंसियों द्वारा सिलिंडरों में भरकर दी जाने वाली कुकिंग गैस है -
(A) द्रव (B) गैस (C) ठोस (D) एक घोल

27. दिये गये काले अक्षर का पर्यायवाची शब्द छांटिये।
राष्ट्रीय **झंडे** का हम सभी अभिवादन करते हैं।
(A) ध्वज (B) पताका (C) सेतु (D) विमान

28. 'डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' का लेखक कौन है ?
(A) जय प्रकाश नारायण (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद (D) इन्दिरा गाँधी

29. राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है ?
(A) प्रधानमंत्री (B) मुख्यमंत्री (C) राष्ट्रपति (D) मुख्य न्यायाधीश

30. 'जय जवान, जय किसान' का नारा किसने दिया है ?
(A) चौधरी चरण सिंह (B) जवाहरलाल नेहरू
(C) लाल बहादुर शास्त्री (D) इन्दिरा गाँधी

Adda247
GET IT ON Google Play

31. नीचे दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द चुनिये।
स्वतंत्रता संग्राम में गाँधीजी ने कई बार __________ अनशन किए थे।
(A) सत्याग्रह (B) जेल में जाकर (C) आमरण (D) जल त्याग

32. लाल रक्त कण (RBC) शरीर के किस अंग में बनता है?
(A) अस्थि मज्जा (B) हृदय (C) गुर्दा (D) तिल्ली

33. पंजाब किंग्स XI टीम IPL-3 का नया कप्तान निम्न में से किसको नियुक्त किया गया है?
(A) युवराज सिंह (B) कुमार संगकारा (C) हरभजन सिंह (D) प्रवीन कुमार

34. द्रोणाचार्य पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?
(A) साहित्य लेख (B) कला व संस्कृति (C) खेल प्रशिक्षण (D) समाज सेवा

35. दिये हुये काले अक्षर वाले शब्द का विपरीतार्थक शब्द छांटिये।
**अनुकूल**
(A) प्रतिकूल (B) विरुद्ध (C) विपरीत (D) ततस्व

36. साइना नेहवाल का नाम किस खेल से जुड़ा है?
(A) टेनिस (B) शतरंज (C) बैडमिंटन (D) बॉक्सिंग

37. जब कोई राज्य राष्ट्रपति के शासन के अंतर्गत होता है तब उस राज्य का बजट कौन पारित करता है?
(A) राष्ट्रपति (B) संघीय मंत्रिपरिषद् (C) संसद (D) वित्त मंत्रालय

38. निम्नलिखित में से कौन से स्थान पर कुंभ मेला नहीं होता है?
(A) उज्जैन (B) इलाहाबाद (C) हरिद्वार (D) वाराणसी

39. कथकली निम्नलिखित में से कौन से राज्य का शास्त्रीय नृत्य है?
(A) केरल (B) कर्नाटक (C) बंगाल (D) पंजाब

40. हमारे शरीर में पित्त रस (Bile) कहां पैदा होता है?
(A) यकृत (B) अग्न्याशय (C) तिल्ली (D) गुर्दा

Adda247

GET IT ON Google Play

## भाग-2 ( आंकिक और मानसिक सामर्थ्य परीक्षण )

**41.** एक दुकानदार किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% की छूट देता है फिर भी उसे 20% का लाभ होता है। यदि दुकानदार छूट न दे तो उसे कितने प्रतिशत का लाभ होगा?

(A) $40\frac{2}{3}\%$  (B) $58\frac{1}{3}\%$  (C) 50%  (D) $42\frac{2}{3}\%$

**42.** (?) के स्थान पर उपयुक्त विकल्प का चुनाव करें।

mnOPQ  RStuv  wxYZA  ?

(A) BCdef  (B) bcdEF  (C) BCDEF  (D) BCDef

**43.** A, B के पिता हैं। C, D के पुत्र हैं। निम्न में से कौन से कथन द्वारा यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि C, A का पौत्र है?

(A) C, B की पत्नी है  (B) B, D की बहन है

(C) D, A की पुत्री है  (D) B, D की पुत्री है

**44.** राम ने 12,000 रु० लगाकर एक व्यापार प्रारम्भ किया। 6 महीने बाद रहीम ने भी 15,000 रु० लगाकर व्यापार में साझा कर लिया। यदि वर्ष के अन्त में राम को 6,400 रु० का लाभ हुआ हो तो रहीम को कितना लाभ होगा?

(A) 4000 रु०  (B) 4500 रु०  (C) 4200 रु०  (D) 4800 रु०

**45.** एक दुकानदार एक वस्तु पर उसके क्रय मूल्य का ¾ भाग अंकित करता है। यदि वह अंकित मूल्य पर 40% लाभ लेकर उस वस्तु को बेचे तो उसे कितने प्रतिशत लाभ या हानि होगी?

(A) 6% हानि  (B) 6% लाभ  (C) 5% लाभ  (D) 5% हानि

**46.** $0.5 \div 0.125 = ?$

(A) 0.625  (B) 0.575  (C) 0.0575  (D) 4

**47.** सुषमा रश्मि से धनी है जबकि आनंद प्रिया से अमीर है। अरुण रश्मि जितना अमीर है। शोभा सुषमा से अमीर है। उपर्युक्त कथन के आधार पर निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(A) रश्मि प्रिया से गरीब है  (B) प्रिया अरुण से अमीर है

(C) अरुण सुषमा से गरीब है  (D) आनंद रश्मि से अमीर है

**48.** कपिल और अवतार ने किसी व्यापार में क्रमशः 1300 रु० तथा 1400 रु० लगाये। यदि वर्ष के अन्त में 675 रु० का लाभ हुआ हो तो कपिल को लाभ में कितने रुपये मिले?

(A) 320 रु०  (B) 325 रु०  (C) 345 रु०  (D) 340 रु०

**49.** $23 \times (64 - 24) \div 100$ का मान होगा।

(A) 92  (B) 8.20  (C) 9.20  (D) 82

Adda247

GET IT ON Google Play

**50.** एक वृत्त का व्यास 49 मीटर है। उसकी परिधि कितनी होगी?

(A) 133 मी० (B) 154 मी० (C) 119 मी० (D) 105 मी०

**51.** किसी घड़ी के घण्टे की सुई एक मिनिट में कितने डिग्री घुमता है?

(A) 1 डिग्री (B) 6 डिग्री (C) 1/2 डिग्री (D) 1/3 डिग्री

**52.** साधारण ब्याज की किस दर से 925 रु० का 5 वर्ष में मिश्रधन 1110 रु० हो जायेगा?

(A) 6% (B) 4% (C) 5% (D) 3%

**53.** 50 ग्राम और 2 कि०ग्रा० में क्या अनुपात है?

(A) 1 : 4 (B) 3 : 40 (C) 5 : 80 (D) 2 : 82

**54.** किस धन का 10% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 3 वर्ष का मिश्रधन 1331 रु० होगा?

(A) 2000 रु० (B) 1500 रु० (C) 1000 रु० (D) 800 रु०

**55.** 3200 रु० का 10% प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर से कितने समय में चक्रवृद्धि ब्याज 672 रु० हो जायेगा?

(A) $2\frac{1}{2}$ वर्ष (B) $1\frac{1}{2}$ वर्ष (C) 2 वर्ष (D) $3\frac{1}{2}$ वर्ष

**56.** नीचे दिए गए चार शब्दों में से तीन शब्द एक दूसरे से विशेष समानता रखते हुए एक समूह बनाते हैं। कौनसा शब्द उस समूह से सम्बन्धित नहीं है?


(A) गाजर (B) मूली (C) आलू (D) बैंगन

**57.** एक रेलगाड़ी की लम्बाई 150 मीटर है और वह 42 कि०मी०/घण्टा की चाल से चल रही है। रेलवे लाइन के नजदीक खड़े एक व्यक्ति से गुजरने में वह कितना समय लेगी?

(A) 10 से० (B) $10\frac{6}{7}$ से० (C) 12 से० (D) $12\frac{6}{7}$ से०

**58.** (A), (B), (C), (D) आकृतियों में से कौनसी आकृति प्रश्नसूचक स्थान पर आयेगी?

प्रश्न आकृतियाँ उत्तर आकृतियाँ



(A) (B) (C) (D)


**59.** 40 मी० लम्बे तथा 30 मी० चौड़े एक आयताकार मैदान के चारों ओर 2.5 मी० चौड़ा रास्ता है। 3.50 रु० प्रति वर्ग मी० की दर से रास्ते पर घास लगवाने का खर्च क्या होगा?

(A) 1312.50 रु० (B) 1000 रु० (C) 1012.50 रु० (D) 1300 रु०

Adda247

GET IT ON Google Play


60. निम्न ग्राफ में एक विद्यालय के 5 वर्षों का परीक्षाफल प्रदर्शित किया गया है। इस ग्राफ के आधार पर प्रश्न का उत्तर दीजिये।




वर्ष 2006 में फेल छात्रों की संख्या क्या होगी ?

(A) 220 (B) 200 (C) 225 (D) 325

61. दर्शायी गयी आकृति में से कौनसी आकृति अन्य से भिन्न है ?




(A) 1 (B) 3 (C) 4 (D) 5

62. प्रश्नवाचक चिन्हों (? ?) को बदलने के लिए दिए गए विकल्पों में से सही अंकों का चुनाव करें :

**1, 2, 3, 4, 5, 7, ?, ?**

(A) 11, 13 (B) 10, 11 (C) 8, 9 (D) 9, 11

63. $\frac{4}{8} \div \left(\frac{1}{2} - \frac{1}{3}\right) \times \frac{4}{6} = ?$

(A) 1 (B) $1\frac{1}{2}$ (C) $2\frac{1}{2}$ (D) 2

64. एक कक्षा में चार विद्यार्थी के प्राप्तांक क्रमशः 720, 60, 63 और 65 है। उनका औसत प्राप्तांक क्या होगा ?

(A) 60 (B) 65 (C) 62 (D) 68

65. तीन अंकों की छोटी से छोटी संख्या निम्नलिखित में से क्या होगी जो 4, 8 और 16 से पूर्णतः विभाजित हो ?

(A) 111 (B) 112 (C) 110 (D) 108

**66.** 30 और 42 का ल०स०प० क्या होगा ?

(A) 500 (B) 600 (C) 750 (D) 300


**67.** 0.24 को सबसे छोटी भिन्न में बदल कर लिखेंगे:

(A) 12/50 (B) 3/25 (C) 6/25 (D) 1/8

**68.** $2^{50}$ का दो गुना कितना होगा ?

(A) $2^{51}$ (B) $2^{99}$ (C) $2^{200}$ (D) $2^{55}$

**69.** नीचे दिये गये पाई चार्ट में किसी परिवार के विभिन्न मदों पर खर्च को प्रदर्शित किया गया है। इस पाई-चार्ट का सावधानीपूर्वक अध्ययन करके इससे सम्बन्धित नीचे दिये प्रश्न का उत्तर दें।




यदि भोजन पर खर्च 750 रु० प्रतिमाह हो, तो बच्चों की शिक्षा पर वार्षिक व्यय कितने रुपये होगा ?

(A) 2150 रु० (B) 1022 रु० (C) 2250 रु० (D) 1400 रु०

**70.** 360 का 30% – 280 का 10% = 800 का ? % है तो ? का मान बताओ।

(A) 15 (B) 12 (C) 10 (D) 14

**71.** दिये गये अक्षर समूह द्वारा कौनसा अर्थपूर्ण शब्द बन सकता है ?

AUBEYT


(A) ABOUT (B) BEAUTY (C) EVENTLY (D) AUBETY

**72.** अहमद ने 1440 रु० 5% वार्षिक दर से तथा 1650 रु० 4% वार्षिक दर से उधार लिए, तो 3 वर्ष बाद उसे कुल कितना ब्याज देना पड़ेगा ?

(A) 414 रु० (B) 416 रु० (C) 408 रु० (D) 480 रु०

Adda247
GET IT ON Google Play

73. संयुक्त छायांकित क्षेत्र किस आयु वर्ग को प्रदर्शित करता है ?




(A) कुल आबादी (B) 60 वर्ष से कम आयु वाले लोग
(C) वोट देने की आयु प्राप्त कर चुके लोग (D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

74. 45 कि०मी०/घण्टे की रफ्तार, मी०/सैकेण्ड में कितनी होगी ?
(A) 12.5 मी०/सैकेण्ड (B) 10.5 मी०/सैकेण्ड
(C) 10 मी०/सैकेण्ड (D) 8 मी०/सैकेण्ड

75. 8 आदमी किसी काम को 10 दिन में कर सकते हैं। काम शुरू होने के तीन दिन बाद 4 आदमी काम छोड़कर चले जाते हैं। तो शेष बचे आदमी उस काम को कितने दिन में पूरा कर लेंगे ?
(A) 12 दिन (B) 14 दिन (C) 15 दिन (D) 17 दिन

76. एक कक्षा के 20 छात्रों का औसत वज़न 21 कि०ग्रा० है। यदि उनमें अध्यापक का भी वज़न सम्मिलित कर लिया जाय तो उनका औसत वज़न एक कि०ग्रा० और अधिक हो जाता है। तो अध्यापक का वज़न क्या होगा ?
(A) 41 कि०ग्रा० (B) 44 कि०ग्रा० (C) 42 कि०ग्रा० (D) 48 कि०ग्रा०

77. यदि किसी संख्या का घन किया जाये तो निम्नलिखित में से कौन से अंक इकाई स्थान पर हो सकते हैं ?
(A) 1 (B) 8
(C) 0 से 9 तक कोई भी (D) 9

78. चीनी का भाव 40% बढ़ जाने से कोई परिवार चीनी का उपभोग कितने प्रतिशत कम कर दे ताकि परिवार का खर्च न बढ़े ?
(A) $27\frac{4}{7}\%$ (B) $28\frac{4}{7}\%$ (C) $29\frac{4}{7}\%$ (D) $30\frac{4}{7}\%$

79. राम और श्याम दोनों मिलकर किसी काम को 8 दिन में कर सकते हैं। परन्तु राम अकेले उस काम को 14 दिन में कर सकता है, तो अकेला श्याम उस काम को कितने दिन में पूरा कर लेगा ?
(A) $18\frac{1}{3}$ (B) $17\frac{2}{3}$ (C) $18\frac{2}{3}$ (D) $17\frac{1}{3}$

80. राम और मोहन की आय में 8 : 3 का अनुपात है। यदि उनकी आयों में अन्तर 1000 रु० हो, तो राम की आय कितनी होगी ?
(A) 1500 रु० (B) 1600 रु० (C) 600 रु० (D) 1100 रु०

Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग-3 ( अभिरूचि परीक्षण )

**81.** निम्नलिखित में से कौन सी नदी उत्तर प्रदेश में बहती है?

(A) घाघरा (B) ताप्ती (C) मांडवी (D) रावी

**82.** संविधान का कौन सा आर्टिकल 'रूल ऑफ ला' का विस्तृत उल्लेख करता है?

(A) आर्टिकल-13 (B) आर्टिकल-14
(C) आर्टिकल-15 (D) आर्टिकल-16

**83.** आपके अनुसार पुलिस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य क्या है?

(A) जनता की सुरक्षा (B) समाज कल्याण
(C) अपने परिवार की सुरक्षा (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**84.** हत्या के एक मामले की सुनवाई (ट्रायल) कहां होती है?

(A) उच्चतम न्यायालय में। (B) उच्च न्यायालय में।
(C) जिला एवं सत्र न्यायालय में। (D) ग्राम न्यायालय में।

**85.** निम्न में से कौन सी परिस्थिति सामाजिक परिपक्वता को प्रदर्शित करती है?

(A) सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति में सक्षम होना
(B) व्यक्ति के जीवन उद्देश्य तथा सामाजिक मान्यताओं के बीच सन्तुलन
(C) उत्तम सामाजिक समायोजन
(D) सबको भाने वाला सामाजिक व्यवहार

**86.** मेरे घर के सामने वाली सड़क पर बंदूक चलाने की आवाज आती है तो-

(A) मैं तुरन्त सड़क पर निकल आता हूँ (B) मैं भी अपनी बंदूक से गोली चलाता हूँ
(C) मैं अपने घर का दरवाजा बंद कर लेता हूँ (D) सोया रहता हूँ

**87.** पंचायत चुनाव निम्नलिखित में से किस स्तर पर कराया जाता है?

(A) ग्राम स्तर (B) जिला स्तर (C) नगर स्तर (D) उपरोक्त सभी

**88.** ट्रेन में अचानक एक पुराने परिचित पर मेरी नजर पड़ती है, तो मैं सबसे पहले :

(A) अपनी नजरें चुरा लूँगा (B) आगे बढ़कर हाथ मिलाऊँगा
(C) उसके हाथ बढ़ाने की प्रतीक्षा करूँगा (D) इनमें से कोई नहीं

Adda247 GET IT ON Google Play

89. निम्नलिखित में से कौन से प्रकार का कार्य आजकल पुलिस के लिए अधिक महत्वपूर्ण है?
(A) महिलाओं की सुरक्षा (B) प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा
(C) खाद्य-पदार्थों की सुरक्षा (D) वन्य-जीवों की सुरक्षा

90. शिक्षा के क्षेत्र में कौन सा सबसे नया कानून है?
(A) अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा (B) सर्व-शिक्षा अभियान
(C) शिक्षा का अधिकार (D) प्रौढ़-शिक्षा का प्रसार

91. निम्न में से पुलिसकर्मी का कौन सा आचरण जनता के विश्वास को नहीं पा सके?
(A) मेलों में खोये गये बच्चों को ढूंढ निकालना
(B) यातायात व्यवस्था को सम्भाल कर दुर्घटनाओं को रोकना
(C) चोरी-डकैती से जनता को बचाने के लिए गश्त लगाना
(D) केवल पुलिस स्टेशन से ही कानून व्यवस्था का नियन्त्रण करना

92. आप एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की कार चला रहे हैं। चौराहे पर लाल बत्ती हो जाने पर आप क्या करेंगे?
(A) लाल बत्ती को हरा होने तक इंतजार करेंगे।
(B) यातायात नियम का पालन न करते हुए निकल जायेंगे।
(C) अधिकारी से पूछ कर निर्णय लेंगे।
(D) बेरोक-टोक चलते जायेंगे।

93. निम्नलिखित में से किस प्रकार का व्यवहार एक पुलिसकर्मी का नहीं होना चाहिए?
(A) संवेदनशील (B) क्रूर (C) मृदुभाषी (D) ईमानदारी

94. एक पुलिस कर्मी के लिए निम्न में से कौन-सा कार्य सबसे आवश्यक है?
(A) आक्रमणों से बचाना।
(B) सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति को नियंत्रित करना।
(C) बाजार को निश्चित समय पर खुलवाना।
(D) जनता की सुरक्षा।

95. भरसक प्रयासों के बावजूद जब सफलता न मिले तो यह समझा जाता है कि :
(A) भाग्य में ऐसा ही लिखा था (B) कि बाहरी मदद नहीं मिल पाई
(C) असफलता ही सफलता की सीढ़ी है (D) प्रयासों में कहीं कोई कमी रह गई थी

Adda247

GET IT ON Google Play

**96.** उत्तरदायित्व की भावना को परखने के लिए आमतौर पर निम्न में से किस पर ध्यान नहीं दिया जाता ?

(A) काम को समय से पूरा करना
(B) काम को सुन्दरता के साथ किन्तु देर में पूरा करना
(C) काम को अपने ऊपर लिए बोझ न मानना
(D) काम करके प्रसन्नता का अनुभव करना

**97.** अपराध नियंत्रण के लिये पुलिस को-

(A) रात में गश्त लगानी चाहिये ।
(B) दिन एवं रात में गश्त लगानी चाहिये ।
(C) कभी भी अचानक से गश्त लगानी चाहिये ।
(D) योजनाबद्ध तरीके से क्षेत्र में गश्त लगानी चाहिये ।

**98.** नेतृत्व सिर्फ उस व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है जिसमें गुण होता है :

(A) प्रतिष्ठा का
(B) क्रूरता का
(C) उच्च आदर्शों का
(D) बनावटीपन का

**99.** सम्मान प्राप्त करने के लिए दूसरों को सम्मान देना अति आवश्यक होता है, यह उक्ति लागू होती है :

(A) कार्यालय एवं कार्यस्थलों में
(B) केवल सामाजिक परिस्थितियों में
(C) स्कूल सहित सभी स्थानों पर समान रूप से
(D) केवल स्कूलों में

**100.** अपराध नियंत्रण के लिये क्या-क्या आवश्यक हैं ?

(i) जन साधारण का सहयोग ।
(ii) क्षेत्रीय नेताओं का मार्गदर्शन एवं अनुसरण ।
(iii) कानून का कड़ाई से पालन ।
(iv) सरकारी एवं विभागीय नीतियां ।

इनमें से कौन सा विकल्प ठीक है ?

(A) केवल (i)
(B) (i) और (ii)
(C) (i), (iii) और (iv)
(D) (i), (ii) और (iii)

**101.** अपराध नियंत्रण क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पुलिस के उल्लेखनीय कार्य को दर्शाती हाल ही में बनी एक चर्चित हिन्दी फिल्म का नाम-

(A) ओंकारा।
(B) स्वदेश।
(C) बन्टी और बबली।
(D) सेहर।

Adda247

GET IT ON Google Play

102. किसी कार्य को करने से पहले उसकी योजना बनाने के संबंध में, आपका विचार है-

(A) समय का अपव्यय है
(B) समय का सदुपयोग है
(C) एक व्यक्तिगत विचार है
(D) कार्य की सफलता का द्योतक है।

103. यह किस राज्य पुलिस का नारा है : 'आपके साथ-आपके लिये हमेशा'?

(A) उत्तर प्रदेश पुलिस।
(B) हरियाणा पुलिस।
(C) दिल्ली पुलिस।
(D) मध्य प्रदेश पुलिस।

104. कोई भी देश तभी बड़ा माना जाएगा जब -

(A) दूसरे देशों की उपेक्षा उसके पास अधिक शक्ति हो
(B) देश के अधिक से अधिक लोग राष्ट्रवादी एवं शिक्षित हो
(C) उस देश में नये-नये अविष्कार होते रहें
(D) अधिक उत्पादन हो

105. आप एक पुलिस कर्मी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को कैसे पूरा करते हैं?

(A) चिन्तन करते हैं।
(B) सजग रहते हैं।
(C) लापरवाह रहते हैं।
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

106. सामान्य रूप से विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच मनमुटाव शत्रुता का कारण होता है -

(A) आर्थिक असमानता।
(B) आर्थिक असमानता एवं ऐतिहासिक कारण ।
(C) आर्थिक असमानता एवं अज्ञान ।
(D) आर्थिक असमानता, ऐतिहासिक कारण एवं दुष्प्रचार ।

107. सामान्य रूप से कानून में शामिल है :

(A) दण्ड
(B) रिकवरी (पुन:प्राप्ति)
(C) पुरस्कार देना
(D) मूल्यांकन करना

108. निम्न में से कौन सा विषय समवर्ती सूची के अंतर्गत आता है?

(A) भू-राजस्व
(B) मूल्य नियंत्रण
(C) प्रति व्यक्ति कर
(D) आजीविकाओं पर कर

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

109. आपकी ड्यूटी का समय समाप्त हो गया है लेकिन आपकी जगह पर दूसरा पुलिस कर्मी नहीं आया है। आप क्या करेंगे ?

(A) ड्यूटी पर बने रहेंगे।

(B) दूसरे पुलिस कर्मी के आने पर घर चले जायेंगे।

(C) वरिष्ठ अधिकारी से इसकी शिकायत करेंगे।

(D) ड्यूटी वाले पुलिस कर्मी को ढूंढना शुरू कर देंगे।

110. एक पुलिस कर्मी को अपने अधिकारी से सदैव करना चाहिए-

(A) अच्छा व्यवहार (B) कटु व्यवहार

(C) उचित व्यवहार (D) उपरोक्त में कोई भी नहीं।

111. सहयोगियों के साथ अपने मतभेद दूर करने का उचित उपाय क्या है ?

(A) सहयोगियों के समक्ष अपना तर्क रखकर।

(B) अपने अधिकारी से शिकायत करके।

(C) मतभेदों का कारण जानने की कोशिश करके आपसी वार्तालाप से उनको दूर करेंगे।

(D) उसका मजाक उड़ाकर।

112. अगर आप अपने किसी सहयोगी को रिश्वत लेते हुए देख लेते हैं तो :

(A) उसे रोकने का प्रयास करेंगे

(B) कुछ नहीं करेंगे

(C) सबूत के साथ उच्चाधिकारी को इसकी सूचना देंगे

(D) इनमें से कोई नहीं

113. यदि कोई व्यक्ति आपकी सहायता करता है, तो आप क्या करते हैं ?

(A) उसका बदला चुकाते हैं। (B) उससे मुँह छुपाते हैं।

(C) उसका शुक्रिया अदा करते हैं। (D) उसे सहायता के बदले पैसा देते हैं।

114. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है :

(A) भाग्य का अनुकूल होना

(B) अवसर प्राप्त करने की क्षमता का होना

(C) प्रतिकूल परिस्थितियों में भी अपने आपको ढाल लेना और परिश्रम से न भागना

(D) उपरोक्त सभी

Adda247
GET IT ON Google Play

**115.** आपके अनुसार जीवन में सफलता मिल सकती है :

(A) मेहनत एवं आत्मविश्वास से (B) सिफारिश से
(C) अच्छे स्वास्थ्य से (D) दूसरों की सहायता से

**116.** असामाजिक लोगों के साथ आपका व्यवहार होता है -

(A) मिलनसार के रूप में (B) सुधारक के रूप में
(C) आलोचक के रूप में (D) सामान्य रूप में

**117.** आप और आपका भाई दोनों पुलिस भर्ती परीक्षा के उम्मीदवार हैं :

(A) आप और आपका भाई एक-दूसरे की परीक्षा में मदद करेंगे।
(B) परीक्षा एवं शारीरिक योग्यता हेतु साथ-साथ तैयारी करेंगे।
(C) शिकायत के डर से अलग-अलग जिलों में फॉर्म भरेंगे।
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**118.** सभी कानूनों का पालन करना हमारी –

(A) मजबूरी है ।
(B) जिम्मेदारी है ।
(C) एक सामाजिक बंधन है ।
(D) कुछ प्रभावशाली लोगों का नियंत्रण बनाये रखने का तरीका है ।

**119.** वारण्ट के बिना एक पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करके कितने समय के लिए अपनी अभिरक्षा में रख सकता है ?

(A) 12 घंटा (B) 24 घंटा (C) 48 घंटा (D) 72 घंटा

**120.** जहाँ पूरा माहौल खराब हो वहाँ के लोगों के प्रति आपका विचार होता है -





(A) उस माहौल से स्वयं को अलग कर लेना
(B) खराब माहौल देश की प्रगति में बाधक होता है
(C) उस माहौल में रहकर ही सुधार संभव है
(D) सभी को अपने विश्वास में लेकर सुधारात्मक प्रक्रिया प्रारम्भ करना

Adda247
GET IT ON Google Play

## भाग-4 ( बुद्धि शक्ति परीक्षण )

121. यदि अंग्रेजी की वर्णमाला के अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखें तो N के दाईं ओर 8 वां अक्षर बतायें।
(A) F (B) U (C) E (D) G

122. नीचे दिए गए विकल्पों में सही विकल्प चुनें:
कौन सा चित्र जलेबी, मिठाई एवं खाने योग्य वस्तुओं का प्रदर्शन सर्वोत्तम रूप से करता है ?

(A)  (B)  (C)  (D) 

123. नीचे दिए गए श्रृंखला में खाली स्थान पर क्या होगा ?
C, e, G i, K, ..........
(A) o, k (B) m, o (C) K, S (D) M, K

124. नीचे दी गई श्रृंखला में खाली जगह के स्थान पर दिये गये सम्भावित उत्तर में से सही उत्तर चुनकर भरिये।
ACD, GIJ, _____
(A) MOP (B) MNO (C) MNP (D) NOP

125. नीचे दी गई श्रृंखला में खाली जगह है। नीचे दिये गये सम्भावित उत्तर में से सही उत्तर चुनकर रिक्त स्थान भरिये।
1 + 1 + 2 + 3 + 5 + 8 + 13 + _____
(A) 22 (B) 21 (C) 28 (D) 34

126. एक स्त्री का परिचय देते हुए एक व्यक्ति बोला उसकी माता मेरी सास की इकलौती पुत्री है। उस व्यक्ति का उस स्त्री से क्या नाता है ?
(A) चाचा (B) पुत्र (C) पिता (D) भाई

127. नीचे दिये गये प्रश्न में कुछ संख्यायें दी हुई हैं, इनमें से एक संख्या अन्य से अलग है। अलग संख्या ज्ञात करिये।
(A) 144 (B) 196 (C) 181 (D) 121

128. रवि पश्चिम की ओर 12 कि०मी० गाड़ी चलाता है। वह दक्षिण की ओर मुड़कर 3 कि०मी० जाता है। वह फिर पूर्व की ओर मुड़ता है और 8 कि०मी० का सफर तय करता है। वह अपने आरंभिक स्थल से कितनी दूरी पर है ?
(A) 3 कि०मी० (B) 5 कि०मी० (C) 7 कि०मी० (D) 11 कि०मी०

Adda247
GET IT ON Google Play

129. शब्द तथा वाक्य में जो संबंध है, वही संबंध किस जोड़े में है?

(A) अक्षर तथा शब्द (B) स्वर तथा व्यंजन (C) मक्खी तथा छत्ता (D) गद्य तथा वाक्य

130. नीचे दिये गये प्रश्न में अंक निम्न सांकेतिक भाषा में लिखे गये हैं।

दी हुई संख्या का संकेतबद्ध रूप उत्तरक्रमांक A, B, C, D में सही चुनिए

1 2 3 4 5 6

(A) M L I D B J (B) M L I B S J (C) M L I J S W (D) I L M B J S

131. यदि + का तात्पर्य है ×, × का तात्पर्य है −, − का तात्पर्य है ÷ और ÷ का तात्पर्य है +, तब $8 + 4 \times 9 - 3 \div 1 = ?$

(A) 32 (B) 9 (C) 29 (D) इनमें से कोई नहीं

132. बेमेल को चुनिये।

चाचा और भतीजा, पिता और पुत्री, भाई और बहन, ससुर और दामाद

(A) चाचा और भतीजा (B) पिता और पुत्री (C) भाई और बहन (D) ससुर और दामाद

133. यदि डॉक्टर, बुखार, दवाई एवं स्वास्थ्य को क्रम में लिखे तो सही क्रम बताएँ।

(A) दवाई, स्वास्थ्य, बुखार, डॉक्टर (B) डॉक्टर, बुखार, दवाई, स्वास्थ्य

(C) स्वास्थ्य, बुखार, दवाई, स्वास्थ्य (D) बुखार, डॉक्टर, दवाई, स्वास्थ्य

134. खाली स्थान में सही अक्षर भरे :

ABZ, BCY, CDX, DEW, ?

(A) EFW (B) EGH (C) FHG (D) EFV

135. निम्नलिखित में चार शब्दों में से एक वर्ग से भिन्न है, वह शब्द ज्ञात कीजिए।

(A) निर्देश (B) सलाह (C) परामर्श (D) सुझाव

136. यदि 'सत्यता' और 'बनावटीपन' एक प्रश्न युग्म के दो शब्द हैं तो उत्तर युग्म का दूसरा शब्द क्या होगा जिसका पहला शब्द 'विशेषज्ञ' है?

(A) नवसिखिया (B) आवारा (C) पारखी (D) प्रतिनिधि

137. तरूण पूर्व की ओर जा रहा है। यदि उसे उत्तर की ओर जाना है तो किस दिशा में उसे नहीं जाना चाहिए?

(A) दायें, दायें, बायें, दायें, दायें (B) दायें, दायें, बायें, बायें, बायें

(C) दायें, दायें, दायें (D) दायें, बायें, दायें, बायें

Adda247


GET IT ON Google Play


**138.** इस शृंखला के 9 के कितने अंक है जिसके ठीक पहले 6 हो लेकिन ठीक बाद में 3 का अंक नहीं हो ?

6 9 3 5 6 9 6 3 9 2 6 9 5 6 9 5 8 66 6 9 3 6 4 6 9 1 9 6

(A) 2 (B) 1 (C) 4 (D) 3

**139.** इस प्रश्न में आकृतियों के दो समूह दिये हुये हैं। एक समूह में प्रश्न आकृतियां व दूसरे में उत्तर आकृतियाँ हैं उत्तर आकृतियों को A, B, C, D द्वारा दर्शायी गयी है। प्रश्न चिन्ह के स्थान पर कौन सी उत्तर आकृति आयेगी ताकि एक नियमित शृंखला बन जाये ?



(A) (B) (C) (D)





**140.** दिये हुए विकल्पों में से चिन्ह : : के दाईं ओर दूसरे जोड़े के रिक्त स्थान की पूर्ति करिये।

प्रकाश : किरण : : आवाज : ?

(A) ध्वनि (B) सुर (C) तरंग (D) सुनना

**141.** दिए गए प्रश्नों के लिए कौन से चित्र का प्रदर्शन सर्वोत्तम है ?

लेखक दार्शनिक शिक्षक

(A)  (B)  (C)  (D) 

**142.** दिए गए प्रश्न नीचे दिए गए प्रसंग पर अधोलिखित है :

रीमा एवं गेसू नृत्य एवं संगीत में पारंगत हैं। सोनल एवं रोसू संगीत एवं चित्र कला में पारंगत हैं। रीमा एवं नेहा व्याख्यान एवं नृत्य में पारंगत हैं। नेहा व सोनल चित्रकारी एवं व्याख्यान में पारंगत हैं।


नृत्य, संगीत एवं व्याख्यान में पारंगत लड़की का नाम बताओ।

(A) रीमा (B) सोनल (C) गेसू (D) नेहा

**143.** नीचे आकृतियों के दो समूह हैं, प्रश्न आकृति एवं उत्तर आकृति। प्रश्न आकृति में 1 और 2 के बीच सुनिश्चित संबंध है। उत्तर आकृति का चयन कर आकृति 3-4 के बीच इसी संबंध को स्थापित करें।




1 2 3 4



(A) (B) (C) (D)

Adda247
GET IT ON Google Play

**144.** निम्न शृंखला में बेमेल संख्या चुनिये :

16, 17, 21, 30, 45, 71, 107

(A) 21 (B) 107 (C) 16 (D) 45

**145.** शब्दों का सही प्राकृतिक क्रम बताइये ?

(A) बचपन, शैशवावस्था, किशोरावस्था, यौवन, प्रौढ़

(B) बचपन, शैशवावस्था, यौवन, किशोरावस्था, प्रौढ़

(C) किशोरावस्था, बचपन, शैशवावस्था, यौवन, प्रौढ़


(D) शैशवावस्था, बचपन, किशोरावस्था, यौवन, प्रौढ़

**146.** निर्देशानुसार करें :


कतिपय कोड प्रणाली में HNDT को 6394 के रूप में कूटबद्ध किया गया है। इसी कोड प्रणाली के तहत आप THD को किस प्रकार कूटबद्ध करेंगे ?

(A) 604 (B) 428 (C) 439 (D) 349

**147.** नीचे दिये गये आकृतियों को ध्यान से देखिए। आकृति I और आकृति II में जो संबंध है उसी तरह का संबंध आकृति III के साथ रखनेवाले आकृति को दिये गये विकल्पों में से ढूँढिये।



I II III IV



(A) (B) (C) (D)

**148.** निम्न शब्दों को उसी क्रम में लिखो जिसमें वे शब्द कोष में पाये जाते है ?

(i) SIGN (ii) SOLID (iii) SIMPLE (iv) SCENE

(A) (i) (iv) (iii) (ii) (B) (ii) (iii) (iv) (i)

(C) (iv) (i) (iii) (ii) (D) (iii) (ii) (iv) (i)

**149.** पूजा की ओर संकेत करते हुए विक्रम ने कहा कि उसका पिता मेरी माँ की बहन का पुत्र है। पूजा का विक्रम से क्या संबंध है ? बतायें।

(A) भतीजी (B) दादी (C) बहन (D) चचेरी बहन

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

150. नीचे दिए गए श्रेणी में सिर्फ उन Y को गिनो जिनके बाद I आता हो लेकिन I के बाद X नहीं आता हो तब बताओ ऐसे कितने Y हैं?

Y I Y X F Z Y I X Z I Y I I X F Z X Y I F Y I X I Z Y I Z

(A) 7 (B) 4 (C) 5 (D) 6

151. निम्न में से कौन सा वर्ष अधिवर्ष (लीप वर्ष) है?

(A) 1982 (B) 1978 (C) 1704 (D) 1945


152. निम्नलिखित में एक के अलावा सभी जोड़े हैं, जिनमें से प्रत्येक के दोनों शब्द आपस में सम्बन्धित हैं। एक भिन्न जोड़ा ज्ञात कीजिए।

(A) शुद्ध व सही (B) पीड़ा व दर्द (C) प्रसन्न व सुखी (D) परेशानी व राहत

153. $11 \times 5 + 8 - 3 = 2 \times 2 \times 3 \times ?$




(A) 62 (B) 12 (C) 60 (D) 5

154. नीचे दिए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या बताओ :



(A) 15 (B) 16 (C) 8 (D) 12

155. नीचे दिए गए आकृतियों में से कौन सी आकृति मच्छर, चींटी और कीटकों के बीच संबंधों का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व करती है?

(A)  (B)  (C)  (D) 

156. कल से पहले का दिन शुक्रवार था, कल के बाद का दिन बताइए।

(A) बुधवार (B) रविवार (C) मंगलवार (D) सोमवार

Adda247
GET IT ON Google Play

157. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर शृंखला पूरा करो :

d-1, g-4, j-9, m-16, ?

(A) n-49 (B) p-25 (C) q-36 (D) r-18

158. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प ढूंढ कर शृंखला को पूरा करो।

BAZ, DCY, FEX, ?

(A) FXW (B) EFX (C) FEY (D) HGW

159. नीचे दिए गए शब्दों में से शब्दकोश में आखिरी शब्द कौन सा होगा ?

(A) Opine (B) Opium (C) Outer (D) Odour

160. निम्न संख्याओं का अध्ययन कीजिए और उचित विकल्प ढूंढ कर शृंखला को पूरा कीजिए।

6, 3, 12, 6, 24 ..................................

(A) 48 (B) 12 (C) 36 (D) 3

- o 0 o -

Adda247

Adda247

GET IT ON Google Play

### ANSWER KEY

| Q-N- | Ans | Q-N- | Ans | Q-N- | Ans | Q-N- | Ans |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | B | 41 | C | 81 | A | 121 | A |
| 2 | C | 42 | A | 82 | B | 122 | C |
| 3 | A | 43 | B | 83 | A | 123 | B |
| 4 | C | 44 | A | 84 | C | 124 | A |
| 5 | C | 45 | C | 85 | B | 125 | B |
| 6 | B | 46 | D | 86 | A | 126 | C |
| 7 | A | 47 | C | 87 | D | 127 | C |
| 8 | D | 48 | B | 88 | B | 128 | B |
| 9 | C | 49 | C | 89 | A | 129 | A |
| 10 | D | 50 | B | 90 | A | 130 | CANCELLED |
| 11 | B | 51 | C | 91 | D | 131 | D |
| 12 | A | 52 | B | 92 | A | 132 | C |
| 13 | D | 53 | CANCELLED | 93 | B | 133 | D |
| 14 | A | 54 | C | 94 | D | 134 | D |
| 15 | C | 55 | C | 95 | D | 135 | A |
| 16 | A | 56 | D | 96 | C | 136 | A |
| 17 | C | 57 | D | 97 | D | 137 | D |
| 18 | B | 58 | B | 98 | C | 138 | C |
| 19 | D | 59 | A | 99 | C | 139 | B |
| 20 | B | 60 | CANCELLED | 100 | C | 140 | C |
| 21 | B | 61 | A | 101 | D | 141 | A |
| 22 | B | 62 | D | 102 | B | 142 | A |
| 23 | A | 63 | D | 103 | C | 143 | A |
| 24 | A | 64 | CANCELLED | 104 | B | 144 | D |
| 25 | A | 65 | B | 105 | B | 145 | D |
| 26 | A | 66 | CANCELLED | 106 | D | 146 | CANCELLED |
| 27 | A | 67 | C | 107 | D | 147 | B |
| 28 | B | 68 | A | 108 | B | 148 | C |
| 29 | C | 69 | C | 109 | A | 149 | A |
| 30 | C | 70 | C | 110 | C | 150 | B |
| 31 | C | 71 | B | 111 | C | 151 | C |
| 32 | A | 72 | A | 112 | A | 152 | D |
| 33 | B | 73 | D | 113 | C | 153 | D |
| 34 | C | 74 | A | 114 | C | 154 | D |
| 35 | A | 75 | B | 115 | A | 155 | C |
| 36 | C | 76 | C | 116 | B | 156 | C |
| 37 | C | 77 | C | 117 | B | 157 | B |
| 38 | D | 78 | B | 118 | B | 158 | D |
| 39 | A | 79 | C | 119 | B | 159 | C |
| 40 | A | 80 | B | 120 | C | 160 | B |